हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 जून 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 आंगनबाड़ी के नन्हें बच्चों ने सुनाई ए-बी-सी और वर्णमाला

**खबर संक्षेप**

## विधानसभा सत्र, कर्मियों के छुट्टियों पर लगी रोक

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। विधानसभा में जिले से संबंधित प्रश्नों के समयबद्ध एवं तथ्यात्मक उत्तर उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले विधानसभा मानसून सत्र की अवधि के दौरान जिले के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।


**तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव** वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन और हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

# ग्राम देवता श्री सिद्ध बाबा मंदिर आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक

**मनेंद्रगढ़।** नगर के ग्राम देवता श्री सिद्ध बाबा सरकार के नवनिर्मित भव्य मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विधिवत संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो भी साथियों शाहिद शामिल होकर पूजा अर्चना की और क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की , उन्होंने कहा कि मनेंद्रगढ़ के ग्राम देवता श्री सिद्ध बाबा सरकार के दिव्य मंदिर निर्माण के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनना उनके जीवन का परम सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि बाबा की असीम कृपा से वर्ष 2020 में उन्हें इस पावन कार्य का शुभारंभ करने का अवसर मिला था और बाबा के आशीर्वाद से मंदिर निर्माण का कार्य निरंतर आगे बढ़ता गया। आज मंदिर पूर्ण रूप से निर्मित होकर प्राण-प्रतिष्ठा जैसे ऐतिहासिक और पावन अवसर का साक्षी बना





है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति, सामाजिक समरसता और एकता का जीवंत प्रतीक है। इस मंदिर के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग, दानदाताओं, समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने जिस निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान दिया है, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने इस अवसर पर मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री सिद्ध बाबा सेवा समिति के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय मनोज कक्कड़ को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण का उनका सपना आज साकार हुआ है। उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव विकास श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अज्जू अग्रवाल, चंद्रकांत चावड़ा, कल्लू कक्कड़, अजय जायसवाल, नरोत्तम शर्मा, नितिन गुप्ता, अमित पोद्दार, आशीष कक्कड़, विनीत जायसवाल, विमलेश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, संदीप पुरी, हेमराज, श्रीकांत पांडे (पंडित जी) सहित सभी समिति सदस्यों, दानदाताओं एवं सहयोगियों के योगदान की सराहना की। गुलाब कमरो ने कहा कि मंदिर निर्माण के प्रारंभिक कार्य में ग्राम पंचायत चनवारीडांड द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया था। तत्कालीन पंचायत प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग के बिना प्रारंभिक निर्माण कार्य संभव नहीं हो पाता। उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा की कृपा और आप सभी की श्रद्धा एवं समर्पण से यह भव्य धार्मिक धरोहर आज क्षेत्रवासियों को समर्पित हो सकी है।

उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्री सिद्ध बाबा सरकार की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे तथा पूरा क्षेत्र सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली के मार्ग पर निरंतर अग्रसर होता रहे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की उन्नति और जनकल्याण की कामना की।

संयुक्त समिति गठित कर सर्वसम्मति से विकास प्रस्ताव किए जाएंगे तैयार

# हसदेव उद्गम स्थल का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ कलेक्टर ने ग्रामीणों से लिया

कोरिया जिले की जीवनदायिनी सोनहत स्थित मेण्ड्रा हसदेव नदी के उद्गम स्थल के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यटन विकास को लेकर कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर हसदेव नदी के संरक्षण एवं विकास के लिए सुझाव लिए तथा सभी को नदी संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नदियों के संरक्षण के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने हसदेव उद्गम स्थल के सौंदर्यीकरण, पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं इसे प्रमुख दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने के लिए ग्रामीणों से सक्रिय सहयोग और सुझाव देने का आग्रह किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि हसदेव नदी की पहचान केवल कोरिया जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में है। ऐसे में उद्गम स्थल को एक आकर्षक पर्यटन एवं आस्था केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर ने ग्राम मेण्ड्रावासियों को सुझाव देते हुए कहा कि हसदेव उद्गम स्थल एवं आसपास के क्षेत्र के संरक्षण और विकास के लिए पंचायत, वन एवं जल संसाधन विभाग की संयुक्त समिति गठित कर सर्वसम्मति से विकास प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिससे इस ऐतिहासिक स्थल को नई पहचान मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले की प्रमुख नदियों के पुनर्जीवन एवं संरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नदी संरक्षण सीधे जनस्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ा विषय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों के कैचमेंट क्षेत्र में ऐसे जनोपयोगी कार्य किए जाएं, जो भविष्य में स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं ▶▶ शेष पेज 4 पर



हसदो के उद्गम स्थल मेण्ड्रा पहुंची कलेक्टर रोक्तिमा यादव।

## नोडल एवं सहायक अधिकारी नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विधानसभा में जिले से संबंधित प्रश्नों के समयबद्ध एवं तथ्यात्मक उत्तर शासन को उपलब्ध कराने तथा उनकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े ने नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले विधानसभा मानसून सत्र के दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में तैयार कर शासन को भेजने तथा संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई है।

# राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में 28 जून को राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा।

अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 34 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलेभर में 341 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हाट-बाजार तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिला कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 28 जून को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो बच्चों के जीवन को स्थायी रूप से प्रभावित कर सकता है, जबकि द्दो बूंद जिंदगी की उन्हें इस बीमारी से सुरक्षित रखने का प्रभावी माध्यम है।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने पहुंचें तो उनका सहयोग करें। उन्होंने सभी नागरिकों से संकल्प लेने का आह्वान किया कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहेगा।



■ कोरिया में 34 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

# कोतमा भाजपा में बढ़ी अंदरूनी कलह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजुरी

■ फेसबुक चैट वायरल होने से राजनीतिक बवाल


कोतमा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक फेसबुक चैट को लेकर गरमाई हुई है। इस वायरल संदेश में भाजपा से जुड़े कुछ कार्यकतार्ओं के बीच तीखी नोकझोंक, आपत्तिजनक भाषा और एक-दूसरे को देख लेने की धमकी जैसी बातें सामने आई हैं।

इस घटनाक्रम ने न केवल क्षेत्र की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है, बल्कि राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज हो गई है कि यदि इन बातों में थोड़ी भी सच्चाई है, तो निश्चित तौर पर यह संगठन और भाजपा के भविष्य के लिए कतई उचित नहीं है। वायरल चैट में स्वयं को संतोष जोशी बताते हुए एक व्यक्ति ने अवैध रेत परिवहन का कड़ा विरोध करने और प्रशासन द्वारा स्पष्ट कार्रवाई न किए जाने तक वाहनों को आगे नहीं बढ़ने देने की बात कही है। वहीं, दूसरे संदेश में जिला नेतृत्व, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए विवादित एवं उत्तेजक टिप्पणियां की गई हैं। इसके जवाब में एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी धमकी भरा संदेश लिखे जाने का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। इसी बीच सोशल मीडिया पर किए गए एक अन्य पोस्ट में दावा किया गया है कि यह पूरा विवाद भाजपा कोतमा मंडल से जुड़े लोगों के बीच का है। पोस्ट में आरोप है कि मंडल अध्यक्ष के परिजन द्वारा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसके जवाब में मंत्री समर्थक माने जाने वाले व्यक्ति द्वारा भी तीखी प्रतिक्रिया दी गई। पोस्ट में कुछ अन्य आर्थिक एवं राजनीतिक आरोप भी उछाले गए हैं।

बिजुरी में भी उठे सवाल, मंत्री की कार्यशैली पर चर्चा- इस पूरे विवाद की आंच अब बिजुरी तक पहुंच चुकी है। स्थानीय स्तर पर एक नया सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल वाकई कुछ खास करीबियों के प्रभाव में काम कर रहे हैं? चचाएं हैं कि वह केवल अपने खास शागिर्दों की बातों को सच मानकर प्रशासनिक अधिकारियों पर अपनी धौंस जमाते हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कोरिया जिले में मत्स्य पालन को मिला बढ़ावा

**बैकुण्ठपुर।** जिले में मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं मछुआरों और मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पौष्टिक आहार के रूप में मछली की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य पोषित मत्स्य पालन प्रसार योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में अनेक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया गया, जिससे जिले के सैकड़ों हितग्राही लाभांवित हुए हैं। 50 प्रतिशत अनुदान पर अंगुलिका संचयन मत्स्य बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले को वर्ष 2025-26 में 950 लाख स्पान उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 850.09 लाख स्पान का उत्पादन किया गया। इसके आधार पर 70 लाख स्टैंडर्ड फ्राई का उत्पादन किया गया।




खपरैल की मरम्मत कर बारिश के पानी से बचाव की कर रहे कवायद

# मानसून से पहले कच्चे आशियानों को सुरक्षित करने में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ कई परिवारों को अब भी पक्के आवास का इंतजार

मानसून की आहट के साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने कच्चे आशियानों को सुरक्षित करने में जुट गए हैं।

बीते कुछ दिनों से ग्रामीण परिवार अपने घरों के खपरैल को दुरुस्त करने में व्यस्त नजर आ रहे हैं। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में ग्रामीण अपने घरों की मरम्मत करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अधिकांश ग्रामीण परिवार अपने कच्चे मकानों के खपरैल की मरम्मत कर चुके हैं, लेकिन अब भी कई परिवार बारिश से पहले अपने आशियाने को सुरक्षित करने में जुटे हुए हैं, ताकि बरसात के दौरान घरों में पानी का रिसाव न हो और परिवार सुरक्षित रह सके। खपरैल सुधारने के इस कार्य में ग्रामीण परिवार के सदस्य स्वयं जुटते हैं। इसके अलावा रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों की मदद भी ली जाती है। कच्चे घरों की मरम्मत में परिवारों को अपनी जमा पूंजी खर्च करनी पड़ती है। कई परिवार मिलकर या मजदूरों की सहायता से नए खपड़े तैयार करवाते हैं और उन्हें पकाकर पुराने खपरैल की जगह लगाया जाता है। दरअसल, पुराने खपड़े समय के साथ कमजोर होकर टूट जाते हैं, जिससे बारिश के मौसम में घरों में पानी टपकने की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में ग्रामीण नए खपड़े लगाकर अपने घरों को बारिश से बचाने की कोशिश करते हैं।

गांवों में अब भी बड़ी संख्या में हैं खपरैल वाले मकान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के बाद गांवों में भी पक्के मकानों की संख्या बढ़ी है, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। कई ग्रामीणों को आज भी अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर



ग्रामीण क्षेत्र में खपरैल सुधारते परिवार।


PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25
में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS
AIIMS
BHUBANESWAR
S.MEENAL
JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH
GMC Kanpur
RIYA MISHRA
GMC DELHI
BIRENDRA
GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU
GMC JABALPUR
ASHUTOSH
PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY
PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU
PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR
CIMS BILASPUR
AKANKSHA
CIMS BILASPUR
REKHA
CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL
GMC RAJNANDGAON
SHWETA
GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA
GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM
GMC JAGDALPUR
UPENDRA
GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV
GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH
GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT
GMC AMBIKAPUR
NANDINI
GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU
GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ
GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ
GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA
CCMC DURG
VOMESHWARI
CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHS
BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS
SCIENCE
SOCIAL SCIENCE
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

## खबर संक्षेप

### मितानिन संघ ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के लिए जन घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 पूरा करने की मांग को लेकर आज प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि चुनावी घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 घोषणा पत्र में घोषणा किया गया है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जाएगा एवं मितानिन कर्मचारियों को एनएचएम अंतर्गत संविलियन किया जाएगा। किंतु इसके विपरीत प्रशासन द्वारा पुनः मितानिन कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी संस्था को दे दिया गया है जिससे प्रदेश के सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर निराश है। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ की मांग है कि मोदी की गारंटी घोषणा पूर्ण कर मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि एवं एनएचएम अंतर्गत संविलियन करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले की मितानिन मौजूद रहे।

### बाइक से गिरी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। नाती के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में बाइक चालक ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर नियंत्रण खो दिया जिससे वृद्धा सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना स्कूल पारा निवासी निम्हा मझवार पति भजन मझवार (60 वर्ष) 25 जून की सुबह नाती मोतीलाल के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक में पैसा निकालने आई थी। बैंक से पैसा निकालने के बाद दोनों वापस घर जाने लगे। जैसे ही पहाड़ चिरगा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार गंगाराम को बचाने के चक्कर में मोती लाल बाइक से नियंत्रण को बैठा जिससे पीछे बैठी वृद्धा सड़क पर गई वहीं साइकिल से बाइक के टकरा जाने से मोतीलाल घायल हो गया। मोतीलाल ने घायल नानी को गंगाराम के साथ शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घटना की सूचना निम्हा के पुत्र जगत राम को दी। वृद्धा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को परिजन के आने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कार्रवाई से रेत तस्करों में हड़कम्प

# कासापारा रेत घाट पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई, 14 रेत लोड वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के प्रतिबंध के बावजूद जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल जारी है। इसका खुलासा शुक्रवार को कासापारा रेत घाट पर प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई औचक छापेमारी में हुआ, जहां रेत से लदे 14 मिनी ट्रकों को पकड़ा गया।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम में तहसीलदार सूर्यकांत साय, जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल, आरटीओ उड़नदस्ता अंबिकापुर तथा पुलिस बल शामिल था। सुबह करीब 11 बजे टीम ने कासापारा नदी घाट पर दबिश दी। मौके पर नदी के भीतर कई मिनी ट्रक रेत लोड कर बाहर निकलने की तैयारी में मिले। टीम ने रास्ता अवरुद्ध कर सभी वाहनों को रोक लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और अधिकारियों को देखकर वाहन चालक, परिचालक और मजदूर मौके से भाग निकले। कुछ चालकों ने अधिकारियों के सामने ही वाहन में भरी रेत नदी में खाली कर दी। संयुक्त टीम ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई तथा वाहनों के नंबर और चेसिस नंबर दर्ज कर सभी वाहनों को जयनगर थाना भेजने की कार्रवाई शुरू की। जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने बताया कि हाल ही में शासन ने अवैध खनिज परिवहन पर अर्थदंड 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया है। इसके अलावा खनिज की मात्रा के अनुसार अलग से जुर्माना भी वसूला जाएगा। जब्त किए गए वाहनों में अधिकांश वाहन सीजी-15 श्रृंखला के हैं, जबकि एक वाहन सीजी-29 श्रृंखला का है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ वाहन कोरिया जिले, कुछ अंबिकापुर-सिलफिली क्षेत्र तथा कुछ स्थानीय रेत कारोबारियों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने कहा कि विभाग अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

**वाहन छोड़ फरार हुए चालक, परिचालक व मजदूर**



नदी में खड़े रेत लोड ट्रक।



कार्रवाई करने पहुंचे संयुक्त टीम के अधिकारी।

### बिना नंबर प्लेट लगाए चलाए जा रहे वाहन

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सभी रेत लोड वाहनों के आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी,पुलिस और आरटीओ विभाग इसकी जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि पहचान छिपाने और कार्रवाई से बचने के लिए रेत माफिया जानबूझकर वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगा रहे। पूछताछ में वाहन चालकों ने बताया कि एक वाहन प्रतिदिन 5 से 6 चक्कर लगाता है,स्थानीय स्तर पर लगभग एक हजार रुपये की लागत से निकाली गई रेत अंबिकापुर पहुंचते-पहुंचते 5 से 6 हजार रुपये या उससे अधिक में बिकती है। यही कारण है कि अवैध रेत कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है

### नौगई कांड की घटना के बाद सक्रिय हुआ खनिज अमला

बता दें कि कोरिया जिले के नौगई में रेत कारोबार से उपजे विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को कार में पेट्रोल डाल जिंदा जला दिया था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।इसके अलावा 22 जून की रात रायपुर से छापेमारी के लिए पहुंची राज्य के खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम में शामिल आरक्षक की पिटाई करते हुए रेत लोड वाहन को रेत माफिया जबरन छुड़ा कर ले गए थे जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।रेत कारोबार में खनिज माफियाओं की सक्रियता और लगातार निर्मित हो रही संघर्ष की स्थिति के बाद राज्य शासन भी अब सख्ती दिखा रहा है और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है।

## महामाया पहाड़ को धड़ल्ले से खोद रहे खनिज माफिया, दिन-रात चल रहा अवैध खनन



**अम्बिकापुर।** शहर के गौरव महामाया पहाड़ की सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। लगातार शिकायतों के बाद एक तरफ विभाग लम्बे समय से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है दूसरी तरफ विभाग की लापरवाही से खनन माफिया बेखौफ होकर पहाड़ को खोदकर वनभूमि को समतल बना रहा है। हालत देखकर ऐसा लग रहा है कि वन अधिकारियों ने खनिज माफिया को अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण की खुली छूट दे दी है।

लगातार शिकायतों एवं विभाग की कार्रवाई के बावजूद अभी महामाया पहाड़ की वनभूमि पर बने अवैध मकानों का निराकरण नहीं हो सका है। दो साल पूर्व से विभाग अवैध अतिक्रमण के मामलों का निराकरण करने में जुटा है। अभी पुराने मामलों का निराकरण नहीं हो सका है दूसरी तरफ लोग धड़ल्ले से वनभूमि में नए मकान बना रहे हैं वही व्यवसायिक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानों पर झोपड़ी एवं टपरी बनाकर वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं। पूर्व में अतिक्रमणकारी पहाड़ के स्वरूप को बदले बिना मकान बनाकर अवैध अतिक्रमण कर रहे थे लेकिन अब पहाड़ को खोदकर भूमि को समतल बनाने का खेल चल रहा है। लुचकी घाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के किनारे ही महामाया पहाड़ से दिन-रात मुरूम एवं पत्थर का धड़ल्ले से अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। वन अमले द्वारा पहाड़ की भूमि की निगरानी की हालत यह है माफिया अवैध उत्खनन के लिए शाम ढलने का इंतजार नहीं कर रहे हैं तथा दिन दहाड़े पहाड़ खोदकर मुरूम एवं पत्थर निकाल रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्र में अवैध उत्खनन होने पर विभाग को समय पर जानकारी नहीं मिलने की बात सामने आती है लेकिन खनिज माफिया लुचकीघाट में एनएच 43 पर बने बायोडक्ट के किनारे ही पूरे दिन बेखौफ होकर मुरूम एवं पत्थर का खनन कर रहे हैं।

# किसान कोदो-कुटकी की खेती अपनाएं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर


बदलती जलवायु परिस्थितियों, पोषण संबंधी चुनौतियों और बेहतर कृषि की आवश्यकता के बीच कोदो-कुटकी जैसी मिलेट फसलें भविष्य की खेती का मजबूत आधार बनकर उभर रही हैं। कोदो (पास्पलम स्क्रोबिकुलेटम) और कुटकी (पैनिकम सुमाट्रेंस) ऐसी फसलें हैं जिन्हें कम पानी, कम लागत और सीमित संसाधनों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है।

यही कारण है कि ये छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बन रही हैं। कम उपजाऊ, पथरीली और ढालू भूमि में भी इनकी खेती संभव है, जहां अन्य फसलें अपेक्षित उत्पादन नहीं दे पातीं। ह्वये फसलें प्रायः हर एक प्रकार की भूमि में पैदा की जा सकती है। जिस भूमि में अन्य कोई धान्य फसल उगाना सम्भव नहीं होता वहाँ भी ये फसलें सफलता पूर्वक उगाई जा सकती है। हल्की भूमि में जिसमें पानी का निकास अच्छा हो इनकी खेती के लिए उपयुक्त होती है। आज जब दुनिया स्वास्थ्यवर्धक भोजन की ओर लौट रही है, तब कोदो और कुटकी का महत्व और बढ़ गया है। कोदो में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, आयरन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जबकि कुटकी फाइबर, प्रोटीन, फास्फोरस तथा अन्य खनिज तत्वों से भरपूर होती है। विशेषज्ञों के अनुसार इनका नियमित सेवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और एनीमिया जैसी समस्याओं के नियंत्रण में सहायक हो सकता है। यही वजह है कि आज इन्हें ह्यसुपर फूड के रूप में पहचान मिल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी मिलेट फसलों को



बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2026 में कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3,200 रुपए प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3,350 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ इन फसलों की खेती के प्रति उत्साह बढ़ा है। विभागीय जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में प्रदेश में कोदो फसल 39.02 हेक्टेयर और कुटकी फसल 38.03 हेक्टेयर रकबे में लगाए गए थे। वैसे विगत खरीफ वर्ष में प्रति हेक्टेयर कोदो की उत्पादन 550 किलोग्राम तथा कुटकी की उत्पादन 675 किलोग्राम दर्ज की गई है। यानी कोदो की उत्पादन 21.46 टन थी, वहीं 25.67 टन कुटकी का उत्पादन हुआ था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी किसानों से धान के साथ-साथ कोदो, कुटकी और रागी जैसी फसलों की खेती अपनाने व उत्पादन बढ़ाने की अपील की है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि उन्नत तकनीकों को अपनाकर कोदो-कुटकी की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। मानसून की शुरुआत के साथ जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक बुवाई, बीजोपचार, कतार पद्धति, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा समय पर खरपतवार नियंत्रण जैसे उपाय किसानों को बेहतर उत्पादन दिला सकते हैं।

## गुलाबी कमल फूलों से खिल उठा खरवत का प्राचीन तालाब.....



बैकुण्ठपुर। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम खरवत स्थित प्राचीन तालाब इन दिनों कमल के पौधों से पूरी तरह ढंक गया है। हरी-भरी पत्तियों के बीच हजारों की संख्या में खिले गुलाबी कमल के फूल तालाब की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। तालाब का मनमोहक दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में यहां कमल के फूलों की छटा देखने लायक होती है।

# स्कूल भवन पर गिरी गाज, 4 छात्राएं घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत बैकोना के पूर्व माध्यमिक शाला झालापारा में गुरूवार को दोपहर में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब स्कूल भवन पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी तथा गाज की चपेट में आने से कक्षा में पढ़ाई कर रही चार छात्राएं घायल हो गई। अचानक हुई इस घटना में बच्चें चिखने-चिल्लाने लगे।

गुरूवार को रोज की तरह दोपहर की छुट्टी के बाद पूर्व माध्यमिक शाला माझापारा की कक्षाएं संचालित हो रही थी। इस दौरान आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज गरज-चमक हो रही थी। अपराह्न ढाई बजे गरज-चमक के साथ स्कूल भवन पर आकाशीय बिजली गिरी तथा कक्षा में पढ़ाई कर रही छात्रा मनशीला (13वर्ष), नेहा (14वर्ष), रीना पैकरा (14वर्ष) एवं राधिका (13वर्ष) गाज की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है पलभर में नेहा एवं राधिका के कपड़े तक झुलस गए। सूचना पर तत्काल एम्बुलेंस से घायल छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां बीएमओ डॉ.अजीत दीवान के निर्देशन में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार प्रारंभ किया। बीएमओ डॉ.दीवान ने बताया कि उपचार से घायल छात्राओं का स्वास्थ्य सामान्य है तथा सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं।



### मोबाइल दुकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नगदी व मोबाइल

**अम्बिकापुर।** भैयाथान सूरजपुर रोड स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोड़ चोरों ने नगदी सहित कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। झिलमिल थाना अंतर्गत ग्राम करकोटी निवासी ऋषभ पांडेय आ. सुरेन्द्र पाण्डेय (25 वर्ष) हर रोज की भांति 24 जून को सूरजपुर रोड स्थित अपने मोबाइल दुकान को बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी दुकानदार शाहिद ने फोन कर बताया कि उसके मोबाइल दुकान का ताला टूटा हुआ है। संचालक दुकान पहुंचा तो देख दुकान में सामान बिखरे हुए है। जब दुकान के काउंटर में रखा नकद 3 हजार रुपए के अलावा दुकान में रखे कीमती मोबाइल गायब थे। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पंपापुर खुटनपारा निवासी सीधारण सिंह पैकरा आ. स्व. घुरन सिंह पैकरा (61 वर्ष) लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित था। 25 जून को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने के लिए लेकर आ रहे थे तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजन वृद्ध को लेकर आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर संदिग्ध हालत वृद्ध की मौत हो जाने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### भाजपा भी गजब, उप सरपंच को बनाया एल्डरमैन

राजपुर। प्रदेश भाजपा ने कल जारी किए एल्डरमैनों की सूची में एक सख्स को एल्डरमैन बनाया है जो पहले से दूसरे ग्राम पंचायत का उप सरपंच है। इस नियुक्ति के बाद स्थानीय भाजपा संगठन में खासी नाराजगी देखी गई। मामला राजपुर नगर पंचायत का है जहां नगर पंचायत में एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रभात रंजन त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार की ओर से दो वर्ष बाद की गई एल्डरमैन नियुक्तियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर आपत्तियां जताते हुए इसे चर्चा का विषय बताया है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि सरकार ने लंबे इंतजार के बाद नगर पंचायतों में एल्डरमैन नियुक्त की है, लेकिन राजपुर नगर पंचायत में जिन नामों की घोषणा की गई है, उनमें कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्राम पंचायत कोटागहना के उप सरपंच अनिल तिवारी को नगर पंचायत का एल्डरमैन बनाए जाने पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति पहले से निर्वाचित जनप्रतिनिधि है, तो उसे मनोनीत पद पर नियुक्त किए जाने को लेकर नियमों और प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत**
**जिला-कोरिया ( छ.ग. )**
राजस्व प्रकरण कमांक/ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

ग्राम-सुन्दरपुर

सर्वसाधारण ग्रामीण जनता ग्राम सुन्दरपुर प.ह.नं. 17 राजस्व निरीक्षक मण्डल कटगोड़ी तहसील सोनहत जिला कोरिया (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल प्रताप सिंह उर्फ राजकमल आ. स्व. सुबरन सिंह जाति गोड़ उम्र-25 वर्ष निवासी ग्राम सुन्दरपुर थाना व तहसील सोनहत, जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा उनके पिता स्व. सुबरन सिंह निवासी ग्राम सुन्दरपुर थाना व तहसील सोनहत, जिला कोरिया (छ.ग.) जो सहायक शिक्षक एल.बी. प्राथमिक शाला फूलपुर विकासखण्ड बैकुण्ठपुर में कार्यरत थे। जिनकी सेवा काल के दौरान दिनांक 03.9.2018 को निधन हो गया है। आवेदक अपने पिता के मृत्यु पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करना चाहता है। जिसके लिए संबंधित कार्यालय द्वारा वारिसान/उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी रा. सोनहत के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः किसी कोई हितबद्ध पक्षकार को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के संबंध में आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो दिनांक 01.07.2026 तक अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त ईश्तहार आज दिनांक 17.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**सोनहत, जिला-कोरिया ( छ.ग. )**

## पृष्ठ 1 का शेष

### हसदेव उद्गम स्थल...

के अनुरूप हों तथा इनमें जनप्रतिनिधियों और सरपंचों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने पंचायत, जल संसाधन, वन एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले से उद्गम होने वाली नदियों के ऐतिहासिक महत्व का दस्तावेजीकरण किया जाए। साथ ही स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों का उद्गम स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए तथा नदी संरक्षण विषय पर प्रतियोगिताओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने उद्गम स्थलों पर मेला एवं उत्सव आयोजित करने की संभावनाओं पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैचमेंट क्षेत्र में वृक्षारोपण, जलग्रहण, वाटर रिचार्ज एवं आवश्यक जल संरचनाओं के निर्माण के लिए वीबीजीआरएएम, कैम्पा, मनरेगा, डीएमएफ सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही हसदेव उद्गम स्थल को पर्यटन से जोड़ने और क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अपशिष्ट न फेंके जाने के लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए. टोप्पो ने नदी संरक्षण, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

### कोतमा भाजपा में...

यदि इस मामले को समय रहते सुलझाया नहीं गया, तो कार्यकतार्ओं के बीच पनप रहा यह अविश्वास आगामी राजनीतिक गतिविधियों और पार्टी की छवि को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। फिलहाल, सोशल मीडिया पर वायरल यह विवाद समूचे क्षेत्र में चर्चा का मुख्य केंद्र बना हुआ है।

### मानसून से पहले...

पक्के आशियाने की स्वीकृति का इंतजार है। प्रशासनिक दावों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में कई पात्र परिवार विभिन्न कारणों से आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाने की बात कहते हैं। ऐसे में मानसून से पहले उन्हें अपने कच्चे घरों की मरम्मत कर किसी तरह बारिश का सामना करने की तैयारी करनी पड़ रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला की सड़ी-गली लाश

**अम्बिकापुर।** पुलिस थाना राजपुर अंतर्गत ग्राम चौरा स्थित हुड़हुड़ नाला में एक महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस, एफएसएल, चिकित्सकों की संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर मृतिका की पहचान सहित मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश की। कारणों का पता नहीं चलने पर लाश को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि ग्राम चौरा के सरपंच ने पुलिस को हुडहुड़ नाला में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की सड़ी-गली लाश होने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, एफएसएल के साथ थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। महिला की लाश को जंगली जानवरों द्वारा नोचा गया है। महिला की लाश पर काले रंग का पेटीकोट एवं सफेद रंग का ब्लाउज है। पंचनामा बनाकर लाश को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में महिला के खड़गवां पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंपापुर से लापता होने की सूचना मिली है तथा शिनाख्त के लिए परिजन को बुलाया गया है।

■ **जांच में जुटी पुलिस, पहचान के लिए बुलाये गए परिजन**






## खबर संक्षेप

### कार्यशाला में विद्युत समस्याओं के निराकरण पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण विद्युत संभाग कार्यालय में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी एवं सदस्य अधीक्षण अभियंता कार्यालय की अभियंता श्रीमती मेरी लिली तिर्की के आतिथ्य में गुरूवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकारों, सेवाओं तथा शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी ने कहा कि बिजली बिल की त्रुटि, मीटर रीडिंग में गड़बड़ी, विद्युत सप्लाई तथा बिजली संबंधी समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किये जाने की स्थिति में उपभोक्ता फोर में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों का निराकरण फोरम द्वारा सुनवाई के बाद किया जाता है। फोरम की ओर से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्युत नियामक द्वारा निर्धारित समय-सीमा से अवगत कराया गया तथा अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ता के साथ संचार संधार संभाग के कार्यपालन अभियंता आर नागवंशी, शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता, जेपी राजवाड़े आदि शामिल रहे।

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# आंगनबाड़ी के नन्हें बच्चों ने सुनाई ए-बी-सी और वर्णमाला

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विकासखंड सोनहत के ग्राम छरछा के पंडोपारा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बच्चों के बीच बैठीं और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।



उन्होंने बच्चों से दीवार पर लिखे अक्षरों एवं अंग्रेजी वर्णमाला को पढ़ने के लिए कहा। इस पर करीब चार वर्षीय एक बच्चे ने छड़ी पकड़कर आत्मविश्वास के साथ ए फॉर एप्पल से लेकर जेड फॉर जेब्रा तक सुनाया। वहीं दूसरे बच्चे ने तोतली जुबान में अ से अनार और क से कबूतर पढ़कर सुनाया। बच्चों की मासूम प्रस्तुति देखकर कलेक्टर मुस्कुराईं और कहा कि वे अपने बचपन की यादों में खो गईं। उन्होंने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने बच्चों से पूछा कि वे भोजन से पहले हाथ धोते हैं या नहीं तथा उनकी पसंदीदा सब्जियों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि वे समय पर प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र आएं, यहीं पढ़ाई करें, खेलें और पौष्टिक भोजन ग्रहण करें। उन्होंने बच्चों को रोज दांत साफ करने, शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, छोटे बाल रखने तथा नाखून साफ रखने तथा सुबह जल्दी उठने की भी सीख दी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं को निर्देश दिए कि सभी बच्चे नियमित रूप से केंद्र पहुंचें। इसके लिए पालकों से सतत संपर्क बनाए रखें और बस्ती के अन्य बच्चों को भी केंद्र से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों का नियमित वजन लिया जाए, स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा आंगनबाड़ी केंद्र को हमेशा साफ-सुथरा रखा जाए और पंजी रिकॉर्ड दुरुस्त रखें। कलेक्टर ने कार्यकर्ता से कहा बारिश के मौसम में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। साथ ही उन्हें सांप, बिच्छू, कीड़े-मकोड़ों एवं मधुमक्खियों जैसे संभावित खतरों से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# चिरमिरी क्षेत्र में एटक की बैठक

**हरिभूमि न्यूज. कोरिया कॉलरी**

कोल इंडिया में 1 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले मांग दिवस सह आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) की एक महत्वपूर्ण बैठक चिरमिरी क्षेत्र में महासचिव अजय विश्वकर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए का. अजय विश्वकर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं को केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों तथा मजदूर हितों की लगातार हो रही उपेक्षा से विस्तार से अवगत कराया।



उन्होंने कहा कि समयबद्ध वेतन समझौता तथा श्रमिकों की अन्य लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे कोयला श्रमिकों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि 1 जुलाई के मांग दिवस सह आंदोलन को प्रत्येक क्षेत्र, परियोजना एवं कार्यालय में प्रभावी ढंग से आयोजित करते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा आंदोलन की मांगों को प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएं। चिरमिरी क्षेत्र के दौरे के दौरान का. अजय विश्वकर्मा ने चिरिमिरी ओपनकास्ट खदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों एवं आउटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा खदान की कार्य स्थिति, ब्लास्टिंग व्यवस्था, मानसून की तैयारियों एवं लगभग 2 लाख टन कोयला स्टॉक के सुरक्षित रखरखाव का जायजा लिया। इसके साथ ही श्रमिक कॉलोनियों में संचालित कल्याणकारी (वेलफेयर) कार्यों की धीमी प्रगति एवं अव्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त किया। दौरे के दौरान उन्होंने चिरिमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रमेश सिंदूर से मुलाकात कर खदान की सुरक्षा, उत्पादन, श्रमिक सुविधाओं, आवासीय कॉलोनियों की समस्याओं, वेलफेयर कार्यों तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। बैठक में चिरमिरी क्षेत्र एटक के जेसीसीके एस अली, कल्याण समिति सदस्य सोमनाथ प्रधान एवं मनीष तिवारी, सुरक्षा समिति सदस्य दीपक नाहक एवं राजेश्वर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# हरे-भरे पेड़ों को नुकसान पहुंचाकर धान बीज कंपनियां कर रही प्रचार

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

खरीफ सीजन शुरू होने के पूर्व ही विभिन्न धान बीज कंपनियों ने अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार का काम तेज कर दिया है। कंपनियों द्वारा प्रचार के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं, लेकिन अब हरे-भरे पेड़ों के तनों में कील ठोककर प्रचार सामग्री लगाने का मामला सामने आया है। शहर से लेकर गांव-गांव तक सड़क किनारे लगे पेड़ों पर धान बीज कंपनियों के प्रचार बोर्ड लगाए जा रहे हैं। पेड़ों को प्रचार का माध्यम बनाए जाने से पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पेड़ों में कील ठोकना पर्यावरण संरक्षण की भावना के खिलाफ है। इसके अलावा सड़क किनारे लगे विद्युत खंभों पर भी बिना अनुमति के धान बीज कंपनियों की प्रचार सामग्री लगाई जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई विद्युत पोलों पर इस तरह के विज्ञापन देखे जा सकते हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि ऐसे मामलों में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कंपनियां हरे-भरे पेड़ों को नुकसान पहुंचाकर प्रचार करने से बचें।

### पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी




पेड़ में कील ठोककर लगाया गया धान बीज कंपनी का प्रचार बोर।

# नव निर्वाचित उपाध्यक्ष अंशुल ने किया पदभार ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रथम निर्वाचित उपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस नेता अंशुल गोयल ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। विधि-विधान से पूजा संपन्न होने के बाद अंशुल गोयल ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



गौरतलब है कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव परिणाम के बाद अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी, जबकि उपाध्यक्ष पद को लेकर मुकाबला काफी रोचक रहा। 15 सदस्यीय नगर पंचायत में 8-8 पार्षदों की स्थिति बनने के बाद भी राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के अंशुल गोयल ने बाजी मारते हुए उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के खाते में डाल दिया। इसके साथ ही वे शिवनंदनपुर नगर पंचायत के इतिहास में प्रथम निर्वाचित उपाध्यक्ष बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं। अंशुल गोयल के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पदभार ग्रहण समारोह में भी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर उनका स्वागत किया।

